ऐश्वर्या कॉलेज के विद्यार्थियो ने किया इसरो का भ्रमण

नवज्योति/जोधपुर। ऐश्वर्या कॉलेज के कंप्यूटर सांइस के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत इसरो का भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष नवीन जोशी ने बताया, 60 विद्यार्थियों के दल ने सहायक प्रोफेसर आतिश रॉय एवं नवीन पुरोहित के नेतृत्व में सेटेलाईट एवं रिमोट सेन्सिग से विभिन्न परियोजनाओ को समझने के साथ अंतरिक्ष अनुसंधान मे नित नए होने वाले प्रयोगों पर इसरो के वैज्ञानिको के साथ चर्चा की। भ्रमण के दौरान इसरो की ओर से शशिकांत शर्मा ने अंतरिक्ष प्रोद्योगिकी से जुड़े पहलुओ एवं एपलिकेशन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियो को जानकारी दी। भ्रमण के दौरान डॉ. राकेश शर्मा एवं हंसराज मीणा ने विद्यार्थियों को एयरोस्पेश की प्रदर्शनी का अवलोकन करवा अंतरिक्ष के विभिन्न मॉडलो को समझाया। कॉलेज चैयरमेन भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को भ्रमण के तहत मिलने वाली जानकारियों का उपयोग कम्प्यूटर सांइस मे नवाचार करते हुए सॉफ्टवेयर एवं एपलिकेशन बनाने के लिए प्रेरित किया।

दैनिक भास्कर
जोधपुर 23-03-2022

विद्यार्थियों ने इसरो का भ्रमण कर ली अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की जानकारी

जोधपुर| ऐश्वर्या कॉलेज के कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने इसरो का भ्रमण कर अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की जानकारी प्राप्त की। विभागाध्यक्ष नवीन जोशी ने बताया कि सहायक प्रोफेसर आतिश राय और नवीन पुरोहित के नेतृत्व में स्टूडेंट्स ने जीआईएस, संचार दूरसंचार एवं अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के बारे में जानकारी हासिल की। इसरो की ओर से शशिकांत शर्मा ने उनका मार्गदर्शन किया। डॉ. राकेश शर्मा, हंसराज मीणा ने एयरोस्पेस प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया। कॉलेज चेयरमैन भूपेंद्रसिंह राठौड़ ने स्टूडेंट्स को नवाचार के प्रति प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने इसरो के अधिकारियों का आभार जताया।